समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गृह मंत्री अमित शाह से की भेटं, Operation Sindoor की सफलता पर दी बधाई।

Publisher
Published on 30 May 2025



## राजस्थान के सहकारिता क्षेत्र मे नंवाचारों पर भी हुई चर्चा, सहकार सम्मेलन के लिए दिया न्योता।

सवांदाता,नई
दिल्ली/जयपुर,राजस्थान

**नई दिल्ली/जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री **श्री.भजनलाल शर्मा** ने आज **नई दिल्ली मे केद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री.अमित शाह** से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने आतंकवाद के विरुद्ध **#OperationSindoor** की ऐतिहासिक सफलता पर केंद्रीय मंत्री को हार्दिक बधाई दी और भारतीय सुरक्षा बलों की वीरता की सराहना की।

### Operation Sindoor: आतंकवाद पर कड़ा प्रहार

मुख्यमंत्री ने कहा कि **ऑपरेशन सिंदूर** आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक नीति और सुरक्षा एजेंसियों की रणनीतिक सफलता का प्रतीक है। यह ऑपरेशन जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल करने और आतंकी नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### राजस्थान के सहकारिता क्षेत्र मे ऐतिहासिक प्रगति

भेंट के दौरान **मुख्यमंत्री शर्मा** ने राजस्थान में सहकारिता के क्षेत्र में चल रहे प्रमुख कार्यक्रमों और नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार "**सहकार से समृद्धि**" अभियान के तहत **किसानों, पशुपालकों** और **ग्रामीण युवाओं** को

**आत्मनिर्भर** बनाने पर काम कर रही है।

## प्रमुख योजनाएं जिन पर हुई चर्चा:

### पैक्स का कंप्यूटरीकरण (PACS Digitization):

प्रदेश में प्राथमिक **कृषि ऋण समितियों** को **डिजिटल** बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे **ग्रामीण बैंकिंग** को **पारदर्शी** और सरल बनाया जा सके।

### म्हारो खाता, म्हारो बैकं :

इस योजना के माध्यम से ग्रामीण खाताधारकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं और ऋण की सुविधा दी जा रही है।

### गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना :

पशुपालकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई इस योजना के तहत पशुधन पर आधारित ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर सम्मेलन का न्योता

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को वर्ष 2025 में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर राजस्थान में आयोजित होने वाले **सहकार सम्मेलन** के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सहकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे संगठनों और अधिकारियों के लिए अनुभव साझा करने का एक श्रेष्ठ मंच होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.